राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- coe.rmpssu@gmail.com

पत्रांकः–सी0ओ0ई0 / 593 / 2025 दिनांकः– 13 अगस्त, 2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः सत्र् 2024–25 सम / विषम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 12.08.2025 के मद संख्या –06 में निर्णय लिया गया है कि ''सत्र् 2024–25 सम / विषम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षा के अंको में त्रुटि एवं अनुपस्थित किये गए छात्र / छात्राओं के अंको में किये गए संशोधन के सम्बन्ध में ''परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 06.03.2024 की मद सं0–07 में निर्णय लिया गया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों की मिडटर्म / आन्तरिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण / अनुपस्थित विद्यार्थियों की परीक्षा सेमेस्टर से पूर्व महाविद्यालय द्वारा सम्पन्न करा ली जाये।'' का सन्दर्भ लिया गया एवं तत्क्रम में दिनांक 20.08.2025 तक उक्त आन्तरिक परीक्षा अंक पोर्टल ओपन करके, अंक अपलोड करने का सम्बन्धित संस्थानों / महाविद्यालओं को एक मौका दिया जाना उचित होगा। भविष्य के लिए विश्वविद्यालय आर्डिनेन्स का परिपालन कराया जाना सुनिश्चित करने के साथ सम्बन्धित संस्थानों / महाविद्यालयों को चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति कदापि न की जाये। अन्यथा विश्वविद्यालय को कठोर कार्यवाही करने हेतु बाध्य होना पडेगा।''

उक्त निर्णय के अनुपालन में ऐसे महाविद्यालय जो सत्र् 2024–25 सम / विषम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षा के अंक अपलोड करने से वंचित रह गए हैं। उन्हे अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 20.08.2025 तक महाविद्यालय के पोर्टल पर अंक पुनः अपलोड करना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित विषय में कोई भी परेशानियाँ उत्पन्न होने पर **मो0 9220470943, 8218142549, 9650259553** पर सम्पर्क करना स्थापित करें।

13.08.2025

(धीरेन्द्र कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. प्रभारी वेबसाइट
3. गार्ड फाईल।

परीक्षा नियंत्रक

RT